# एंड्रिया का गुलाब (Andrea's Rose)

## जे.सी. नोलन द्वारा मॉडल और चित्र



मोड़ने वालो के लिए पलट तह अक्सर एक बड़ी बाधा होते हैं क्योंकि यह मध्यवर्ती मॉडल का रूप लेते हैं। लेकिन वे वास्तव में उतने मुश्किल नहीं होते अगर एक बार कोई उन्हें सही ढंग से कार्यान्वित करना सीख जाए। खुले पलट को क्रियान्वित करने की उचित विधि सिखाने के लिए एंड्रिया के गुलाब का प्रारूप बनाया गया था, और पवन चक्की आधार बनाने को छोड़कर, यह मॉडल पूरी तरह पलट से बना है। आप जैसे जैसे मॉडल को तह देंगे, पलट वास्तव में आसान होते जाएंगे जैसे जैसे वे छोटे होते जाएंगे, क्योंकि अभ्यास परिपूर्ण बनाता है। मॉडल को कागज के किसी भी प्रकार से तह दी जा सकती है, हालाँकि पन्नी से और मुश्किल होगी। एक **10"** का कागज का टुकड़ा एक ***5"*** का मॉडल बनाता है।



1. मोड़ो और खोलो।



2. मोड़ो और खोलो।



3. मोड़ो और खोलो।



4. मोड़ो और खोलो, कागज को पलटो।



5. इस तरह से।



6. सभी चार कोनों को मोड़ो और खोलो। कागज को पलटो।




7. मौजूदा मोड़ के निशानों के पीछे पीछे, बिन्दु A और बिन्दु B को केंद्र में लाएं।




8. यह एक मध्य-तह दृश्य है।




9. C और D पर कदम 7 दोहराएँ।



10. यह एक पूरा पवन चक्की आधार है। मॉडल को 45 डिग्री घुमाएँ।



11. कदम 11-15 ऊपरी कोने पर एक खुले पलट को क्रियान्वित करने का सही तरीका दिखाते हैं। जब आप इस क्रम से सहज हो जाएँ, तब कदम 13-15 मॉडल को सपाट किये बिना एक कदम में क्रियान्वित किए जाएंगे। सभी परतों को केंद्र के तरफ मोड़ें।



12. परतों को वापस ऊपर खोल दें।




13. B और C को बाहर खोलते हुए, पल्ले(फ्लैप) A को पूरी तरह ऊपर उठाएं।




14. पिछले मोड़ के निशानों पर वापस मोड़िये, लेकिन पूरी तरह से खुले पल्ले(फ्लैप) की तीन रेखाओं को(मोटी रेखा द्वारा दिखाया गया है) अन्दर से बाहर की ओर घुमाइए।




15. किनारे के पल्लों को अन्दर की तरफ लेते हुए, बिन्दु A को वापस जगह पर मोड़ते हुए पलट को पूरा करें।




16. पल्ले को नीचे मोड़ो।



17. पहला पलट पूरा हो गया है। बाकी तीन पल्लों पर कदम 11-16 दोहराएँ। आगे बढ़ते हुए तह देना और जटिल हो जाएगा क्योंकि आप मॉडल को पूरी तरह से खोल नहीं पाओगे।



18. पलट की पहली परत पूरी हो गयी है। मॉडल को पलटें।

नोट: कदम 19-22 ऊपरी कोने पर एक खुले पलट को क्रियान्वित करने का सही तरीका दिखाते हैं जब मॉडल को खोलने का कोई तरीका नहीं होता। विधि के लिए पलट की विस्तार- सपाट विधि का प्रयोग किया गया है। जटिल मॉडलों पर पलट को क्रियान्वित करने का यह अक्सर सबसे आसान तरीका होता है। जब कदम 22 की तरह सपाट तह करो तब यह ध्यान रखो की समाप्त परिणाम एक पलट की तरह दिखना चाहिए।



19. एक अकेली मोटाई को नीचे



एंड्रिया का गुलाब (ला रोजा डि एंड्रिया)




21. चार स्थिर बिन्दु के स्थान पर ध्यान दें। अपनी तर्जनी उंगलियों को ऊपर की बिन्दुओं पर, कागज की दो परतों के नीचे रखें, और अपने अंगूठों को नीचे की बिन्दुओं पर, कागज की सिर्फ एक परत के नीचे रखें। मध्य रेखा के पार, अपने तीसरे अंगूठे से बिंदु के केंद्र पर दबाते हुए, पूरा पल्ला नीचे की तरफ लाएँ। इस वजह से पूरा बिन्दु मॉडल के केंद्र के सीधे ऊपर स्थित एक वर्ग में विस्तार-सपाट हो जाएगा।




22. इस पर ध्यान दें की वर्ग सीधे मॉडल के केंद्र पर स्थित है। यह बहुत महत्वपूर्ण है! सपाट कागज को मौजूदा मोड़ के निशानों पर वापस मोड़ें, दोनों तरफ से एक दोहरी परत को अन्दर की तरफ डालते हुए, जैसे कदम 15 में है।




23. अगले पल्ले पर पलट को कार्यान्वत करें। अपनी उंगलियों के क्रम स्थान पर ध्यान दें।



24. याद रहे की जब पलट को वापस मोड़ रहें हों, तब हर तरफ से सिर्फ एक ही परत लाएँ। एक के रूप में दो परतों का पकड़ में आ जाना उतना ही आसान है, और यदि आप सावधान नहीं हैं तो आप आसानी से खो सकते हैं।



25. शेष दो कोनों पर पलट को दोहराएँ।



26. इस क्षण पर मॉडल को चारों दिशाओं में एक-सा होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो पलट को तह देने में कोई गलती की गयी है। यदि यह मामला है तो आपको पल्लो को पुनर्व्यवस्थित करना होगा या अगला स्तर काम नहीं करेगा। यदि और सब कुछ विफल होता है तो, मॉडल को खोलिए और उसी कागज के टुकड़े पर फिर से कोशिश करिये। यह हमेशा ही दूसरी बार अधिक आसान होता है!



27. बिलकुल कदम 21-26 की तरह अगले स्तर पर पलटना जारी रखें।



28. ध्यान दें की सपाट किया हुआ वर्ग हमेशा सीधे मॉडल के केंद्र पर है। पहले की तरह सपाट किए हुए क्षेत्र को तह



29. अन्य 3 कोनों को पलट कर स्तर को पूरा करें।



30. इस क्षण पर पलट के तीन स्तर पूरे हो चुके हैं। स्तर जोड़ते रहिये जब तक आपकी आँखें फट जाएँ, आपका कागज पूरी तरह चिथड़ा हो जाए, या आपको इस प्रक्रिया से तृप्ति महसूस हो। एक चुनौती के रूप मे, में कागज के एक 8" के टुकड़े पर आठ स्तरों को क्रियान्वित करने की कोशिश करता हूँ।



31. मॉडल को पूरा करने के लिए, पलटने की बजाय, पल्लो के अंतिम समूह को केंद्र की तरफ घाटी तह दें। साथ ही पल्लो को पीछे से बाहर खोल लें।



32. पूरा मॉडल।